बी0एड0 पाठ्यक्रम में विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हतायें

क. प्रिंसिपल/विभागाध्यक्ष :

(i) कला/विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/मानविकी/वाणिज्य में कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री।

(ii) एम.एड. कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ।

(iii) शिक्षा में अथवा किसी शिक्षा शास्त्रीय विषय में जो उस संस्था में पढ़ाया जाता है, पी.एच.डी.

(iv) किसी भी अध्यापक शिक्षा संस्था में न्यूनतम 8 वर्ष का अध्यापन अनुभव

वांछनीयः शैक्षिक प्रशासन या शैक्षिक नेतृत्व में डिग्री/ डिप्लोमा

ख. शिक्षा के परिप्रेक्ष्य या आधारिक पाठ्यक्रम :

(i) सामाजिक विज्ञान से सम्बंधी किसी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें कम से कम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए तथा

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में एम.एड. डिग्री जिसमें कम से कम 55 प्रतिशत अंक हों।

ग. पाठ्यचर्या तथा शिक्षण–शास्त्रीय पाठ्यक्रम :

(i) विज्ञान/गणित/सामाजिक विज्ञान/भाषाओं में से किसी एक कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री

(ii) 55 प्रतिशत अंकों के साथ एम.एड. डिग्री

वांछनीय : विषय विशेषज्ञता के साथ शिक्षा में पी.एच.डी. डिग्री

नोट : उपर्युक्त ख और ग को एक साथ मिलाकर, दो संकाय पदो के लिये समाजशास्त्र, मनोविज्ञान या दर्शनशास्त्र में कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ एक स्नातकोत्तर डिग्री तथा किसी माध्यमिक विद्यालय में तीन वर्ष का अध्यापन अनुभव विचारणीय होगा।

घ. विशेष अध्ययन पाठ्यक्रम :

शारीरिक शिक्षा

(i) शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री (एमपीएड) जिसमें कम से कम 55 प्रतिशत अंक हों (योग शिक्षा में प्रशिक्षण/ अर्हता वांछनीय समझी जाएगी)

दृश्य कलाएं

(i) ललित कलाओं में 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री (एम.एफ.ए.)

निष्पादन कलाएं

55 प्रतिशत अंकों के साथ संगीत, नृत्य या रंगमंच में स्नातकोत्तर डिग्री।